-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 05.08.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **नवीन सभागार पुलिस लाइन बांदा में श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा द्वारा मण्डलीय पुलिस पेंशनर्स के साथ की गई बैठक। पुलिस पेंशनर्स की समस्याएँ सुन उनके निस्तारण हेतु संबंधित को दिए गए निर्देश। पुलिस पेंशनर्स से लिए गए आवश्यक सुझाव।**

विवरण- श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस द्वारा आज दिनांक 05.08.2025 को पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल और अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज की उपस्थिति में मण्डलीय पुलिस पेंशनर्स के साथ बैठक की गई। बैठक में मण्डल के चारों जनपदों- बांदा, महोबा, चित्रकूट व हमीरपुर के पुलिस पेंशनर्स ने भाग लिया। बैठक के दौरान श्रीमान् पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा पुलिस पेंशनर्स की समस्याओं को सुना गया तथा उनके निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। बैठक में पुलिस पेंशनर्स को वरिष्ठ नागरिकों हेतु डायल यूपी-112 द्वारा चलाई जा रही सवेरा योजना के बारे में जानकारी दी गई। सवेरा योजना वरिष्ठ नागरिकों हेतु डायल यूपी-112 द्वारा चलाई जा रही एक विशिष्ट योजना है जिसके अन्तर्गत पंजीकृत सभी वरिष्ठ नागरिकों किसी भी आपात स्थिति या आवश्यकता पड़ने पर त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जाती है। बैठक के दौरान सभी को साइबर अपराध के तरीकों तथा उससे बचाव के संबंध में जानकारी दी गई तथा बताया गया कि किसी भी साइबर अपराध की स्थिति में घबराएं नहीं बल्कि तुरंत इसकी शिकायत 1930 या स्थानीय थाने पर दर्ज कराएं।